# सिंधु समाज ने दीपावली मिलन समारोह मनाया




**कोटा के सिंधु समाज ने दीपावली मिलन समारोह मनाया है।**

**कोटा,** (निसं)। सिंधु सोशल सर्कल और सिंधु महिला सर्कल की ओर से सर्कल भवन पर रंगारंग कार्यक्रम के साथ दीपावली मिलन समारोह आयोजित किया गया।

इस अवसर पर राम बारात निकाली गई और पुष्पवर्षा और आरती से उनका स्वागत किया गया। प्रारंभ में सर्कल के संरक्षक किशोर व कांता मदनानी, अध्यक्ष कमल व रुचिका सपरा, सचिव राजेश व सिमरन ग्वालानी, सांस्कृतिक सचिव किशन व पूनम रतनानी, पीडी गुरमुख खूबचंदानी, गिरीश सहजवानी तथा महिला सर्कल अध्यक्ष नीतू वनवानी व दामोदर वनवानी ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सर्कल परिवार की सिमरन ग्वालानी, बरखा दीवानी, पूनम जेठवानी, जया रामचंदानी व दिव्या जेठवानी ने नृत्य, प्रकाश वीर और नीना नाथानी ने हास्य नाटिका व राज ठाकुर ने कविता प्रस्तुत की। कार्यक्रम का संचालन सांस्कृतिक सचिव किशन रतनानी ने किया।

# दीपावली मिलन समारोह मनाया

**कोटा,** (निसं)। अग्र आरोही मंच की ओर से रविवार को देव दिवाली कैसीनों बैश फ्यूजन थीम पर दीपावली मिलन समारोह आयोजित किया गया। अध्यक्ष अलका अग्रवाल ने बताया कि हमारी संस्कृति और कुछ मस्ती को ध्यान में रखते हुए दिवाली मिलन की थीम तैयार की गई थी। जिसमें कुछ महिलाएं पारम्परिक परिधानों में तैयार होकर आई। जबकि कुछ कैसीनों थीम पर आए थीं। महिलाओं ने दिवाली की व्यस्तता के बाद गेम्स को बहुत एन्जॉय किया।

# कोटा में विशेष बच्चों के लिए आधुनिक चाईल्ड डेवलपमेंट सेंटर शुरू

**कोटा,** (निसं)। कोटा में विशेष जरूरतों वाले बच्चों के लिए समर्पित 'एक पहल-चाईल्ड डेवलपमेंट सेंटर' का भव्य उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया जो विशेष बच्चों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में एक ऐतिहासिक

> ■ यह केंद्र रामदुलारी जिंदल मेमोरियल एंड हेल्थ केयर सोसाइटी और श्रीजी हॉस्पिटल के सहयोग से स्थापित किया गया है



**कोटा में विशेष बच्चों के लिए डेवलपमेंट सेंटर का उद्घाटन विधिवत तरीके से किया गया।**

कदम है। यह केंद्र रामदुलारी जिंदल मेमोरियल एंड हेल्थ केयर सोसाइटी और श्रीजी हॉस्पिटल के सहयोग से स्थापित किया गया है और इसका उद्देश्य विशेष जरूरतों वाले बच्चों को शारीरिक, मानसिक, और भावनात्मक रूप से आत्मनिर्भर बनाना है।

मुख्य अतिथि गोविंद राम मित्तल (एस.एस.आई. फाउंडर प्रेजिडेंट, एम.एस.एम.ई और इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधि) ने अपने उद्घाटन संबोधन में कहा कि यह केंद्र विशेष जरूरतों वाले बच्चों और उनके परिवारों के लिए एक नई आशा का प्रतीक है। यह पहल इन बच्चों को आत्मनिर्भरता और समाज में समानता के अवसर प्रदान करने के लिए समर्पित है।उन्होंने इस परियोजना से जुड़े सभी लोगों का आभार व्यक्त किया और कहा कि इस सेंटर के माध्यम से न केवल कोटा बल्कि पूरे देश में विशेष बच्चों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आएगा। विशेष अतिथि तारा चंद गोयल (फाउंडर एवं डायरेक्टर, गोयल ग्रुप) ने कहा कि एक पहल' जैसे केंद्र समाज में विशेष बच्चों के प्रति जागरूकता बढ़ाने का महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं। यह पहल वास्तव में एक आदर्श है, जिसे अन्य शहरों में भी लागू किया जाना चाहिऐं। उन्होंने इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि यह विशेष बच्चों के आत्मविश्वास और सामाजिक समावेशन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

विशिष्ट अतिथि श्रीकांत पंडित (रिटायर्ड सीनियर वाइस प्रेसिडेंट, डीसीएम श्रीराम और मैकेनिकल इंजीनियर) ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि यह केंद्र विशेष बच्चों को जीवन में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

समाज में ऐसे बच्चों के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाने और उनके लिए अवसर प्रदान करने का यह प्रयास सराहनीय है। कार्यक्रम के दौरान, एम्स जोधपुर के नवजात शिशु चिकित्सा विभागाध्यक्ष डॉ. अरुण सिंह ने विशेष बच्चों की देखभाल और चिकित्सा के नवीनतम तरीकों पर एक व्याख्यान प्रस्तुत किया।

उन्होंने कहा कि यह केंद्र विशेष बच्चों के जीवन में एक अद्वितीय परिवर्तन लाने की क्षमता रखता है। चिकित्सा क्षेत्र में ऐसे केंद्र अत्यधिक जरूरी हैं, जो इन बच्चों को उनकी विशेष जरूरतों के अनुसार चिकित्सा और प्रशिक्षण प्रदान कर सकें। डॉ.नीता जिंदल (डायरेक्टर, कोटा हार्ट एंड श्रीजी हॉस्पिटल ग्रुप), जो इस केंद्र की नेतृत्वकर्ता हैं ने बताया कि यहां विशेषज्ञों की एक समर्पित टीम बच्चों के शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक विकास के लिए सभी आवश्यक सेवाएं प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि यह केंद्र विशेष बच्चों के विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, और हम अपने विशेषज्ञों की टीम के साथ मिलकर इन बच्चों को समाज में समान अवसर देने के लिए प्रयासरत रहेंगे। इस केंद्र में बच्चों की देखभाल के लिए एक अनुभवी विशेषज्ञों की टीम भी मौजूद है।

# महाप्रबंधक ने कोटा-चितौड़गढ़ रेल खण्ड का संरक्षा निरीक्षण किया

**कोटा,** (निसं)। पश्चिम मध्य रेल महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय ने रविवार को डीआरएम मनीष तिवारी के साथ मंडल में कोटा-चितौड़गढ़ रेल खण्ड का संरक्षा विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया।

जीएम ने निरीक्षण के दौरान विशेष रूप से अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पुनर्विकसित बूंदी एवं मांडलगढ़ स्टेशन के निर्माण कार्यों की समीक्षा की। मंडल में कोटा एवं डकनिया तलाव सहित कुल 19 रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास किया जा रहा है जिसमें पुनर्विकास लागत बूंदी 7.62 करोड़ एवं मांडलगढ़ 5.47 करोड़ का है। उक्त दोनों स्टेशनों का पुनर्विकास कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है। स्टेशन पुनर्विकास कार्य से संबंधित माडल एवं सभी पहलुओं का गहनता से अवलोकन करते हुए अधिकारियों से जानकारी ली।



**रेलवे महाप्रबंधक के द्वारा कोटा-चितौड़गढ़ रेल खण्ड का संरक्षा निरीक्षण किया गया।**

तालेड़ा-बून्दी स्टेशन के मध्य इंजीनियरिंग समपार फाटक संख्या 45 पर संरक्षा से संबधित तख्यों का निरीक्षण किया। बूंदी में पुनर्विकास के साथ यात्री सुविधाओं एवं रिले रूम और मांडलगढ़ में यार्ड में ट्रैक पर प्वाएंट्स कनेक्शन, प्वाएंट्स क्रासिंग, रिले रूम गति शक्ति टर्मिनल का भी निरीक्षण किया। इसके अतिरिक्त मांडलगढ़ यार्ड में रेल ट्राली से ट्रैक का फुटप्लेट किया। साथ ही इंजीनियरिंग विभाग के ट्रैक मेंटेनर कर्मचारियों से संवाद किया और उनकी समस्याओं को सुना।

निरीक्षण के दौरान डीआरएम मनीष तिवारी, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक रोहित मालवीय, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (समन्वय) संजय यादव, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक सौरभ जैन सहित अन्य संबंधित अधिकारी व पर्यवेक्षक कर्मचारी मौजूद रहे।

# 555वां प्रकाश गुरु पर्व भव्य रूप में मनाया जाएगा

**कोटा,** (निसं)। समूह संगत एवं प्रबंधक कमेटी श्री गुरु सिंह सभा कोटा जं. (रजि.) के तत्वावधान में साहिब श्री गुरुनानक देवजी महाराज का 555वां प्रकाश गुरू पर्व भव्य रूप में मनाया जाएगा।

चार दिवसीय प्रकाशोत्सव के तहत कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सभा के अध्यक्ष अमरजीत सिंह माखीजा ने बताया कि प्रकाशोत्सव के दौरान चार दिनों तक कई आयोजन होंगे, जिसमें गुरु नानक जयंती पर विशेष कार्यक्रम होंगे।

आयोजन के तहत दो नवम्बर से प्रतिदिन प्रभात फेरी निकाली जा रही है जिसमें श्री गुरूनानाक देवजी का गुणगान किया जा रहा है।

प्रभात फेरी का समापन 11 नवम्बर को होगा। वहीं गुरूद्वारे पर आकर्षक विद्युत सज्जा की गई है। चार दिवसीय प्रकाशोत्सव के तहत तैयारियां जोरो पर की जा रही है।

गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा के प्रबन्धक अमरप्रीत सिंह मखीजा ने बताया कि 12 नवम्बर को नगर कीर्तन निकाला जाएगा।

बच्चों द्वारा प्रस्तुतिया होंगी, स्त्रीसत्संग, अमृतसर श्री दरबार साहिब के रागी जत्थे एवं प्रचारक गुरबानी कीर्तन एवं कथा द्वारा संगत को निहाल करेंगे, गुरु का लंगर अतुट बरतेगा, चिकित्सा शिविर लगाए जाएंगे, रक्तदान शिविर होगा, श्री सुखमनी साहिब व नितनेम पाठ होगा, आसाजी की वार होगी, दीवान सजाया जाएगा। इसके साथ ही अनेक कार्यक्रम आयोजित होंगे।

# दिपावली की राम-राम की

**कोटा,** (निसं)। पूर्व विधायक प्रहलाद गुंजल ने स्टेशन क्षेत्र में दिपावली की राम राम कर व्यापारियों व आमजन को दीपावली की शुभकामनाएं दी। गुंजल ने भीममण्डी थाने से स्टेशन मुख्य बाजार, शीतला चौक से पुन: भीममण्डी थाने तक आम लोगों व व्यापारियों से मिलकर दिपावली की राम राम की तो लोगों ने भी गुंजल का जगह-जगह स्वागत द्वार लगाकर फूलमालाओं से, मिठाइया खिलाकर, आतिशबाजी व पुष्प वर्षा कर जोरदार स्वागत किया। इस दौरान पूर्व विधायक पूनम गोयल, ब्रजेश शर्मा नीटू, वार्ड पार्षद उषा ठाकुर, दुष्यंत सिंह हाड़ा, नंदकिशोर नंदू, कांग्रेस कमेटी सचिव राजू पहाड़िया, अंशु तिवारी, विपिन बरथुनिया, महासचिव नीरज शर्मा, सतीश शर्मा, हेमंत चतुर्वेदी, राजीव आचार्य, अशोक गौतम, मोहम्मद हुसैन, ट्विंकल खनूजा, अजय गौड़, दिनेश सुमन, अफसरा अंसारी, शबनम अंसारी, सत्य प्रकाश लोधा, राकेश राठौर, मनोज दुबे, भगवान लोधा, किशन प्रजापति, सरफराज अहमद, तेजपाल सिंह भोला सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# विप्र फाउंडेशन अधिकारी कर्मचारी संघ का दीपावली स्नेह मिलन समारोह संपन्न

**कोटा,** (निसं)। विप्र फाउंडेशन अधिकारी कर्मचारी संघ प्रदेश का दीपावली स्नेह मिलन समारोह मंगलेश्वरी गार्डन कोटा में पर आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि विप्र फाउंडेशन राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भुवनेश्वर शर्मा, प्रदेश महामंत्री हरीसूदन शर्मा रहे।

प्रदेश प्रवक्ता रमेश चंद्र गौतम ने बताया कि समारोह के प्रारंभ में सभी आगंतुक नियुक्त पदाधिकारियों का संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भुवनेश्वर शर्मा, प्रदेश महामंत्री हरीसूदन शर्मा, अधिकारी कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष रमेश शर्मा ने दुपट्टा पहनकर स्वागत किया गया।

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भुवनेश्वर शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि आज समाज को मनभेद मिटाकर एक होने की आवश्यकता है, एक रहेंगे तभी हमारी संस्कृति और अस्तित्व को बचा पाएंगे, उन्होंने संस्कारों पर बोलते हुए



**विप्र फाउंडेशन अधिकारी कर्मचारी संघ का दीपावली स्नेह मिलन समारोह आयोजित हुआ।**

कहा कि जनेऊ और तिलक ब्राह्मण की पहचान है आज हालत यह हो गई हे कि परीक्षाओं में हमारे बच्चों से वह भी उतरवा ली जाती है विप्र समाज इसका कड़ा प्रतिरोध करता हैं।

प्रदेश महामंत्री हरसूदन शर्मा ने समाज में फेल रही कुरीति प्री-वेडिंग शूट और शादी समारोह में अन्न की बर्बादी को हतोत्साहित करने का सभी को संकल्प दिलाया। प्रदेश अध्यक्ष रमेश शर्मा ने विप्र समाज के सभी अधिकारी कर्मचारियों से समाज के लोगों को राजकीय कार्यों में सहयोग करने तथा किसी अधिकारी कर्मचारी के साथ दुर्भावना, पीड़ित करने की जानकारी होने पर उसकी सहायता और कड़ा प्रतिरोध जताने का आह्वान किया और आगामी 22 दिसंबर को विप्र फाउंडेशन के द्वारा आयोजित अन्नकूट और परिचय सम्मेलन में विशाल संख्या में शामिल होकर ब्राह्मण एकता का परिचय देने को कहा।

इस अवसर पर पदाधिकारी रघुनंदन गौतम, जिला अध्यक्ष नरेंद्र नंदवाना, नित्यानंद शर्मा, नमो नारायण शर्मा, रवि गौतम, डॉ. निरंजन गौतम, जिला अध्यक्ष जगदीश शर्मा ने भी विचार व्यक्त किए।

मिलन समारोह में घनश्याम शर्मा, रौनक मिश्रा, के.के. गौतम, सुनील शर्मा, संजय शर्मा, अपेक्षित शर्मा चंद्र शेखर शर्मा, शैलेश गौतम, अनिल शर्मा रमेश चंद्र शर्मा चंद्र शेखर कटारा, के.के. शर्मा, अरुण शर्मा, नरेश शर्मा, पुरुषोत्तम गौतम, रजनीश शर्मा आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे अंत में बैठक जलपान के साथ संपन्न हुई, प्रदेशाध्यक्ष द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया।

# हुड्डा को डॉक्टरेट की उपाधि मिली

**कोटा,** (निसं)। वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय में सहायक आचार्य व संयोजक प्राणी शास्त्र संदीप हुड्डा ने कोटा विश्वविद्यालय से जूलोजी विषय में शोध की उपाधि प्राप्त की। संदीप ने अपना शोध कार्य गवर्नमेंट कॉलेज, कोटा से सेवानिवृत प्रो.नीता जैन के मार्गदर्शन में सम्पूर्ण किया। हुड्डा का रिसर्च टॉपिक "स्टडी ऑन दी डाइवर्सिटी ऑफ अपोइडीया (हय्मेनोपटेरा-इन्सेक्टा) कलेक्टेड फ्रॉम तहसील लाडपुरा, कोटा (राजस्थान)" थाद्य अपने शोध के दौरान कोटा जिले की लाड़पुरा तहसील में पाई जाने वाली 49 प्रजातियों की बी (ठममे) को सूचीबद्ध किया। पांच जातियों को पहली बार इस क्षेत्र में देखा गया। इनकी पहचान के लिए तैयार की गई वर्गीकरण कुंजी आगे के शोध के लिए लाभप्रद होगी।



# 'जल्द ही भगवा रंग में रंगा नजर आएगा राजकीय महाविद्यालय बून्दी'

**बून्दी** (निसं)। राजस्थान के कॉलेजों में वातावरण को और सकारात्मक बनाना और छात्रों के लिए एक बेहतर शिक्षा माहौल तैयार करने के उद्देश्य से राजस्थान के सरकारी कॉलेजों के परिसर में अब नया बदलाव देखने को मिलेगा। राज्य सरकार के निर्णयानुसार इन कॉलेजों के मेन गेट और एंट्रेंस हॉल को भगवा रंग में रंगा जाएगा। इस कार्य के लिए कॉलेज शिक्षा आयुक्तालय द्वारा पहले चरण में 20 कॉलेजों को चयनित किया है, जिनमें कॉलेज बिल्डिंग के फ्रंट एरिया, एंट्रेंस हॉल और गैलरी को व्हाइट गोल्ड और ऑरेंज-ब्राउन रंगों में रंगा जाएगा। राजस्थान के इन चयनित 20 कॉलेजों में बून्दी का राजकीय महाविद्यालय भी शामिल हैं, जहां यह बदलाव देखने को मिलेगा। राजस्थान के उच्च शिक्षा विभाग के अनुसार, इस बदलाव का मुख्य उद्देश्य कॉलेज परिसर में सकारात्मकता, स्वच्छता और एक प्रेरणादायक माहौल का निर्माण करना है।

# क्षेत्रिय मेघवाल विकास समिति के दीपावली स्नेह मिलन समारोह का समापन

**रामगंजमंडी** (निसं)। रविवार को मेघवाल सम्ा जमंडी में दीपावली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन सम्पन्न हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि खैराबाद पंचायत समिति प्रधान कलावती ओम फौजी रही। विशिष्ट अतिथि ओमप्रकाश फौजी रामगंजमंडी भागीरथ मेघवाल जिला अध्यक्ष झालावाड़ गोपाल मेघवाल अध्यक्ष अकलेरा बालमुकुन्द मेघवाल भवानीमण्डी गोपाल मेघवाल अध्यक्ष भानपुरा प्रहलाद हलसखेड़ा पूर्व अध्यक्ष लालचन्द अध्यक्ष मेघ सेवा कल्याण मेघवाल श्यामलाल अध्यापक रहे।

अध्यक्षता समिति अध्यक्ष कन्हीराम मेघवाल ने की। मुख्य वक्ता ओम प्रकाश फौजी रहे। जिन्होंने समाज को संगठित व शिक्षित रहने के लिए प्रेरित किया। समिति द्वारा अतिथियों का सरोपा व माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।समिति व उपास्थित सभी समाज बन्धुओं ने निम प्रस्ताव पारित किये। जिनकी पालना




**मेघवाल समाज छात्रावास रामगंजमंडी में दीपावली स्नेह मिलन समारोह का समापन हुआ।**

> ■ मृत्यु भोज व पहरावनी नहीं करने पर जोर दिया एवं सामूहिक विवाह सम्मेलन करने पर सहमति जताई

समाज द्वारा की जाने पर जोर दिया गया।जिनमें मृत्यु भोज नही करने व पहरावनी नहीं करने पर जोर दिया गया। बालक- बालिकाओं को शिक्षा के क्षेत्र मे आगे बढाने पर जोर दिया गया।आगामी समय मे सामूहिक विवाह सम्मेलन करने पर सहमति जताई गई।बाबा रामदेव मन्दिर की भूमि आवंटन की प्रक्रिया पर जोर दिया गया। समिति व उपस्थित समाज बंधुओं ने सर्व सहमति से यह निर्णय लिया कि एक व्यक्ति के पास एक ही पद होना चाहिये। जो कि नियमानुसार है। लेकिन वर्तमान समिति में से दिनेश कुमार मेघवाल उपाध्यक्ष है व गिरिराज मेघवाल सदस्य हैं।

दोनों ने नियम विरुद्ध जारी अन्य समिति मे भी अपना पद लेकर वहां पर कार्य कर रहे हैं।जो नियम के विरुद्ध है। अत: इनकी सदस्यता समाप्त करके उनके स्थान पर राधेश्याम धानिया को उपाध्यक्ष व देवलाल उण्डवा को सदस्य के पद पर नियुक्त किया गया। स्नेह मिलन समारोह मे प्रभूलाल मेघवाल कोषाध्यक्ष लालचन्द मेघवाल सचिव भेरूलाल मेघवाल महामंत्री। दुर्गालाल मेघवाल संगठन मंत्री अमरलाल मेघवाल प्रचार मंत्री कमलेश बाई महिला मंत्री मांगीलाल मेघवाल सदस्य राकेश मेघवाल सदस्य। जगदीश धानिया रतनलाल घानियां मांगीलाल जादम जुगलकिशोर प्रहलाद कानूगो गोपाल धानिया गोपाल साहेब उपसरपंच द्वारका लाल व पूरीलात सहित आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन राजेन्द्र धानिया ने किया। अंत मे अध्यक्ष द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

## सार-समाचार

### कार्यशाला का आयोजन

**रामगंजमण्डी** (निसं)। मोडक मंगलम सीमेंट लिमिटेड क्लब हाउस में रविवार को खान सुरक्षा निदेशालय अजमेर द्वारा हैंडलिंग ऑफ एक्सप्लोसिव इन माइंस कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें अजमेर से आये खान सुरक्षा निदेशक सुरजीत कटेवा ने रामगंजमंडी झालावाड़ क्षेत्र की सभी खदानों में ब्लास्टिंग से संबंधित टेक्निकल व नॉन टेक्निकल कर्मचारियों की मीटिंग का आयोजन किया। कार्यशाला में क्षेत्र की खदानों के माइंस मैनेजर फोरमेन मेट ब्लास्टर व ब्लास्टिंग से जुड़े श्रमिक वर्कशॉप में शामिल हुए। जहां खान सुरक्षा निदेशक सुरजीत कटेवा ने सभी को खदानों में एक्सप्लोसिव को हैंडलिंग व सुरक्षित ब्लास्टिंग करने के बारे में समझाया। जिससे खदानों में ब्लास्टिंग से होने वाली दुर्घटनाओं से बचा जा सके। वहीं सभी को प्रोजेक्टर से फ़िल्म के माध्यम से खदानों में एक्सप्लोसिव का उपयोग करने व सुरक्षित तरीके से ब्लास्टिंग करने के बारे में विस्तार से समझाया गया।माइंस मैनेजर राजेश माहेश्वरी बी जी नागर सुरेंद्र पाटीदार रमेश चौधरी एवं एस एम मीणा ने सभी को एक्सप्लोसिव हैंडलिंग ट्रांसपोर्ट व उपयोग एवं सुरक्षित ब्लास्टिंग करने के तरीकों को रेगुलेशन के अनुसार सुरक्षित तरीके से करने के बारे में समझाया।

### तीन दिवसीय विशेष शिविर शुरू

**कोटा,** (निसं)। मिनिस्ट्री ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी भारत सरकार के अंतर्गत संचालित कॉमन सर्विस सेंटर सीएससी केंद्रों पर विशेष शिविरों का आयोजन किया गया। सीएससी जिला प्रबंधक लोकेश भट्ट व विकाश तूरावा ने बताया कि इन शिविरों में नि:शुल्क ई-श्रम कार्ड, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना, पेंशनर का जीवन सत्यापन, जन धन खाते, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, आधार सम्बंधित सेवाएं, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री मानधन योजना, टेली लॉ नि:शुल्क कानूनी सलाह एवं टेलीमेडिसिन तथा गैर सरकारी योजनाओं पेन कार्ड, बैंकिंग लेनदेन, लोन, रिचार्ज, ग्रामीण ई स्टोर, ई कॉमर्स, कृषि सेवाओं आदि सेवाओं में आमजन के नामांकन किए गए। इन सभी योजनाओं के नामांकन करने से आमजन को लाभ मिलेगा। इस दौरान सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी जाएगी जिससे की आमजन को इसका लाभ मिल सकें। यह शिविर हर सीएससी केंद्र पर दो दिन ओर लगेंगे।

### दीपावली स्नेह मिलन समारोह



**झालावाड़** (निसं)। झालावाड़ सेंट टेरेसा सीसै स्कूल झालावाड में मुशायरे और कवि सम्मेलन के जरिये दीपावली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें टोंक से आए हुए पीरे तरीकत सूफी इफ्तिखार उद्दीन और झालरापाटन मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी प्रकाश चंद सोनी "यौवन रहें। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ शायर सईद शफीकी ने की। कार्यक्रम का संचालन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय उर्दू विभागाध्याक्ष प्रोफेसर फहीम खान ने किया। विशिष्ट अतिथि अखिल भारतीय साहित्य परिषद के अध्यक्ष सुरेश चंद्र निगम रहें। कवियित्री जिया नामा के अश्आर से प्रोग्राम का आगाज हुआ। "हम जहां आंख उठाते है वहाँ होता है हर तरफ आपके होने का गुमां होता है" शायर रईस कादरी ने जिंदगी के पेचों खम पर शायरी पेश करते हुए कहा 'घर हमारा है मगर है घर में है वेटर की तरह-अब गुटरगूँ कर रहें है हम कबूतर की तरह', प्रकाश चंद्र सोनी यौवन अपनी कविताएं पेश की जिसमें "किसी एक को कैसे पूंजूँ-देवों की भरमार बहुत है" मुराद खान मुराद अपनी में कहा कि "आपका दिया। कार्यक्रम में प्रतिमा पुलक, जगदीशचन्द सोनी, दानिश व बी.एस. वर्मा एवं अनेक रचनाकारों ने अपनी रचनाऐं प्रस्तुत की। अंत में कार्यक्रम के आयोजक जाकिर खान जाकिर ने सभी का शुक्रिया अदा किया।

### राउंड टेबल सेवा सप्ताह का आगाज आज से

**कोटा,** (निसं)। राउंड टेबल इंडिया की इकाई कोटा यूनाइटेड राउंड टेबल-306 द्वारा 11 से 17 नवंबर तक सामाजिक सेवा सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इस सप्ताह में विभिन्न प्रकार की गतिविधियों के माध्यम से समाज के विभिन्न वर्गों की भलाई के लिए कार्य किए जाएंगे। गोयल ने बताया कि सेवा सप्ताह का कन्वीनर आकाश बत्रा, सिद्धार्थ अजमेरा के निर्देशन में किया जाएगा। चेयरमैन स्वप्निल गोयल ने बताया कि सेवा सप्ताह का आगाज विद्यार्थियों में उत्साह व उमंग के संचार के साथ किया जाएगा। कोटा के राजकीय विद्यालय के 200 विद्यार्थियों को फन सिनेमा में फीचर फिल्म दिखाई जाएगी एवं भारत सेवा समिति वृद्धाश्रम श्रीनाथपुरम में बुजुर्गों हेतु वस्त्र, बर्तन व आवश्यक वस्तुएं भेंट की जाएंगी। सचिव मुकुल जैन ने बताया कि 12 नवंबर को एफटीई सरकारी स्कूल में बच्चों के लिए 'गुड टच-बैड टच' एवं आत्मरक्षा प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया जाएगा। साथ ही, पशु कल्याण के तहत पक्षियों और गायों को चारा खिलाने एवं वृक्षारोपण अभियान भी चलाया जाएगा।

### स्वदेशी स्वावलंबन दिवस के रूप में जयंती मनाई

**छबड़ा** (निसं)। स्वदेशी जागरण मंच द्वारा रविवार को आदर्श विद्या मंदिर में ऋषि दत्तोपंत ठेंगडी की जन्म जयंती स्वदेशी स्वालंबन दिवस के रूप में मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ दामोदर सेन द्वारा किया गया। इस अवसर पर दिल्ली में आयोजित अखिल भारतीय कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया गया। दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम को मुख्य अतिथि रविशंकर संस्थापक आर्ट ऑफ़ लिविंग फाउंडेशन, मुख्यवक्ता मावी भागैय्या अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य आरएसएस, अध्यक्षता डॉक्टर चिन्मय पंडया उप कुलपति देव संस्कृति विश्वविद्यालय शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा संबोधित किया। वक्ताओं ने स्वदेशी अपनाने और अपने राष्ट्र को स्वावलंबी भारत बनाने पर जोर दिया। भाषा, भूषा, भेषज, भ्रमण सभी स्वदेशी होना चाहिए। हमे भारत की गौरवशाली संस्कृति और परम्पराओ को आग्रहपूर्वक अपनाना चाहिए। युवाओ को रोजगार मागने वाले नही रोजगार देने वाले बनकर भारत को स्वावलंबी राष्ट्र बनाने के बारे मे सोचना चाहिए। कार्यक्रम में नगर के सभी प्रबुद्धजन, सामाजिक, आर्थिक और धार्मिक संगठनों के सदस्य उपस्थित रहे।

### दीपावली स्नेहमिलन समारोह सम्पन्न

**रामगंजमंडी** (निसं)। उपखण्ड के एक मात्र रजिस्टर्ड पत्रकार संघ जर्नलिस्ट वेलफेयर सोसायटी रामगंजमण्डी का दीपावली स्नेह मिलन समारोह रविवार को पंजाबी धर्मशाला रामगंजमंडी में सम्पन्न हुआ। जर्नलिस्ट वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष जितेंद्र जोशी ने बताया कि स्नेहमिलन समारोह में रामगंजमंडी सातलखेडी सुकेत मोडक व चेचट के पत्रकार शामिल हुए। समारोह में इत्र पान कर सभी ने एक दूसरे को दीपावली की शुभकामनाएं दी। सोसायटी के सदस्यों के नए कार्ड शीघ्र ही जारी करने का निर्णय लिया।समारोह में संरक्षक महेंद्र जैन पूर्व अध्यक्ष राजू राठौर उपाध्यक्ष शाकिर मोहम्मद उपाध्यक्ष वसीम भाई महासचिव मनीष जैन कोषाध्यक्ष रवि मेहरा वरिष्ठ सदस्य मुरली मनोहर गुप्ता साबिर खान राधेश्याम राठौर मनीष मेवाडा युवराज देवडा सुनीता यादव प्रहलाद बैरागी व अजयराजसिंह सहित आदि शामिल हुए।

### बाल विवाह की रोकथाम के लिए टोल फ्री नंबर जारी

**बूंदी** (निसं)। देवउठनी ग्यारस के अबूझ सावे में जिलेभर में शादी विवाह का सीजन शुरू होगा। इस दौरान बड़ी संख्या में बाल विवाह होने की आशंका को देखते हुए बाल विवाह की रोकथाम के लिए चाइल्ड हेल्पलाइन के राष्ट्रीय टोल फ्री नंबर 1098 जारी किए गए। चाइल्ड हैल्पलाइन 1098 के जिला समन्वयक रामनारायण गुर्जर ने बताया कि बाल विवाह की रोकथाम के लिए यह प्रयास किया है। सूचना आमजन चाइल्ड हेल्पलाइन के राष्ट्रीय टोल फ्री नंबर 1098 पर देकर बालक-बालिका के जीवन को आने वाली समस्याओं से बचा सकते हैं। सूचना देने वाले का नाम, पता, मोबाइल नंबर गुप्त रखा जाएगा। चाइल्ड हेल्पलाइन सेवा 1098 नंबर पर 24 घंटे 7 सातों दिन संचालित रहेगी।

### वैष्णव का सम्मान किया

**छबड़ा** (निसं)। वैष्णव बैरागी समाज के समाज बंधुओ ने वेंकट कुमार वैष्णव एडवोकेट को नोटरी बनने पर उनका सम्मान किया एवं धार्मिक पुस्तक भेंटकर देश के लिए व समाज के लिए सेवा करने को कहा एवं भारत सरकार का धन्यवाद ज्ञापित किया। स्वागत करने वालों में महन्त रमेश दास वैष्णव, कडैयानोहर सत्यनारायण वैष्णव दोहनी, सुरेशचंद्र वैष्णव मुंशी, सत्यनारायण वैष्णव खांकरा, छीतरलाल मुंडला, राजू दोहनी, गिरिराज पटना सहित समाज के कई सम्मानित समाजबंधु उपस्थित रहे।